<u>समाचार</u>

# <u>24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन किया महापौर ने</u>



कोरबा 10 दिसम्बर 2017– महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज दशहरा मैदान राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबा में आयोजित होने जा रहे 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा के आयोजन हेतु भूमिपूजन किया, उन्होने माता गायत्री की पूजा अर्चना की तथा इस सुंदर धार्मिक आयोजन के लिए गायत्री परिवार को अपनी हार्दिक बधाई दी।

गायत्री परिवार के द्वारा राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस–1 के दशहरा मैदान में 24 कुण्डीय श्रद्धा संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा व विविध संस्कार का सुंदर धार्मिक आयोजन 23 दिसम्बर 2017 से 26 दिसम्बर 2017 तक किया जाना है, इस आयोजन हेतु आज भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया था, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस सुंदर धार्मिक आयोजन में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए आयोजन का भूमिपूजन किया। उन्होने माता गायत्री की पूजा अर्चना की तथा नगर के सर्वागीण विकास, अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस धार्मिक आयोजन के लिए गायत्री परिवार को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान, कुसुम द्विवेदी, क्रांति सोनी, आदि के साथ आयोजकगण तथा अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

<u>एच.टी.पी.एस. दर्री के 09 कुण्डीय महायज्ञ में पहुंची महापौर</u>– यज्ञ संचालन समिति गायत्री प्रज्ञा पीठ एच.टी.पी.एस.दर्री कोरबा द्वारा प्रज्ञा पीठ स्थल में 09 कुण्डीय श्रद्धा संवर्धन गायत्री महायज्ञ पुस्तक मेला व विविध संस्कार का आयोजन 07 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आयोजन में अपनी उपस्थिति प्रदान की, उन्होने माता गायत्री की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमजन की सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर कुसुम द्विवेदी,

राजेन्द्र सिंह ठाकुर, बनवारी आदित्य, सुरेश पटेल आदि के साथ गायत्री परिवार के सदस्यगण तथा काफी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।